# rajya ke niti nideshak tatyav

**1. भारत के राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों को किस देश के संविधान से ग्रहण किया गया है?**
(a) दक्षिण अफ्रीका (b) वाइमर गणराज्य जर्मनी
(c) आयरलैण्ड गणराज्य
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2. राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों को लागू कराने के लिए कोई भी नागरिक**
(a) सर्वोच्च न्यायालय के पास जा सकता है
(b) उच्च न्यायालय के पास जा सकता है
(c) 'a' और 'b' दोनों के पास जा सकता है
(d) किसी भी अदालत के पास नहीं जा सकता

**3. निम्नलिखित नीति-निदेशक सिद्धान्तों में से कौन-सा सिद्धान्त उदारवादी सिद्धान्तों पर आधारित नहीं है?**
(a) समस्त देश के लिए एक समान सिविल संहिता प्रदान करना
(b) न्यायपालिका तथा कार्यपालिका का पृथक्करण
(c) कलात्मक तथा ऐतिहासिक महत्त्व के स्थानों व स्मारकों की रक्षा करना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**4. निम्न नीति-निदेशक सिद्धान्तों में से कौन-से सिद्धान्त गाँधीवादी विचारधारा पर आधारित हैं?**
1. ग्राम पंचायतों का संगठन।
2. 14 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य तथा निःशुल्क शिक्षा।
3. दवाई के रूप में छोड़कर सभी नशीले पदार्थों के सेवन पर प्रतिबन्ध।
4. कमजोर तथा पिछड़े वर्गों के विकास के लिए कार्य करना।

**कूट**
(a) 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) ये सभी

**5. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में राज्य के नीति-निदेशक तत्त्वों का उल्लेख है?**
(a) अनुच्छेद 33-46 (b) अनुच्छेद 34-48
(c) अनुच्छेद 36-51 (d) अनुच्छेद 34-52

**6. राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्त**
(a) संविधान की सर्वोच्चता स्थापित करना चाहते हैं
(b) न्यायपालिका को सुदृढ़ करना चाहते हैं
(c) तानाशाही व्यवस्था पर अंकुश लगाना चाहते हैं
(d) संविधान को सामाजिक परिवर्तन का उपकरण बनाना चाहते हैं

**7. 'निदेशक तत्त्व' क्या हैं?**
(a) वाद योग्य
(b) वाद योग्य नहीं/अप्रवर्तनीय
(c) कठोर (d) लचीले

**8. भारत के संविधान में 'कल्याणकारी राज्य' का आदर्श किसमें प्रतिष्ठापित है?**
(a) उद्देशिका
(b) राज्य के नीति-निदेशक तत्त्व
(c) मूल अधिकार
(d) सातवीं अनुसूची

**9. राज्य के नीति-निदेशक तत्त्वों के अन्तर्गत राज्य को आदेश दिया गया था कि वह उन सभी बच्चों के लिए अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का प्रबन्ध करें, जिनकी आयु**
(a) 14 वर्ष है (b) 15 वर्ष है
(c) 16 वर्ष है (d) 18 वर्ष है

**10. नीति-निदेशक सिद्धान्त वाद योग्य नहीं हैं। इसका अर्थ है**
1. इनका उल्लंघन किए जाने पर न्यायालयों का सहारा नहीं लिया जा सकता।
2. इन पर विचार करने का न्यायालयों को अधिकार नहीं है।
3. कानून के द्वारा इन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है।
4. ये पवित्र हैं।

**कूट**
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) ये सभी

**11. निम्नलिखित में से कौन-से भारत के संविधान के 51वें अनुच्छेद में राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों के रूप में व्यक्त किए गए हैं?**
1. अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का प्रयास करेगा।
2. राष्ट्रों के बीच न्यायसंगत और सम्मानपूर्ण सम्बन्धों को बनाए रखने का प्रयास करेगा।
3. अन्तर्राष्ट्रीय विवादों के माध्यम द्वारा निपटारे के लिए प्रोत्साहन देने का प्रयास करेगा।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही है/हैं?**
(a) 1 और 3 (b) 2 और 3
(c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**12. भारत के संविधान में अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति एवं सुरक्षा के संवर्द्धन का उल्लेख कहाँ किया गया है?**
(a) संविधान की प्रस्तावना में
(b) राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्तों में
(c) मूल कर्त्तव्यों में (d) नौवीं अनुसूची में

**13. भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा देश के शासन के लिए आधारभूत है?**
(a) मूल अधिकार (b) मूल कर्त्तव्य
(c) राज्य के नीति-निदेशक तत्त्व
(d) मूल अधिकार तथा मूल कर्त्तव्य

**14. नीति-निदेशक तत्त्वों का समुचित क्रियान्वयन निर्भर करता है**
(a) संसद की इच्छा पर
(b) न्यायालय की इच्छा पर
(c) कार्यपालिका की इच्छा पर
(d) सरकार की इच्छा शक्ति और पर्याप्त साधनों (धन) की उपलब्धता पर

**15. राज्य के नीति-निदेशक और मौलिक अधिकारों के मध्य सर्वप्रथम प्रश्न उठा था**
(a) कामेश्वर सिंह बनाम बिहार राज्य में
(b) बेला बार बनाम पश्चिम बंगाल राज्य में
(c) चम्पाकम दोराई बनाम मद्रास राज्य में
(d) सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य में

**16. राज्य के नीति-निदेशक तत्त्व को सामाजिक क्रान्ति का दस्तावेज भी कहा जाता है। संविधान का कौन-सा अनुच्छेद इसकी ओर इंगित करता है?**
(a) अनुच्छेद 38 (b) अनुच्छेद 49
(c) अनुच्छेद 50 (d) अनुच्छेद 51

**17. भारत सरकार अधिनियम, 1935 में अन्तर्निहित 'अनुदेश पत्र' वर्ष 1950 में भारत के संविधान में किस रूप में सन्निविष्ट किया गया है?**
(a) मूल अधिकार
(b) राज्य के नीति-निदेशक तत्त्व
(c) राज्य की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार
(d) भारत सरकार का कार्य-संचालन

**18. संविधान के किस संशोधन अधिनियम ने राज्य के नीति-निदेशक तत्त्वों को मौलिक अधिकारों की अपेक्षा अधिक प्रभावशाली बनाया?**
(a) 42वें संशोधन ने (b) 43वें संशोधन ने
(c) 44वें संशोधन ने (d) 45वें संशोधन ने

**19. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा किस अनुच्छेद को नीति-निदेशक तत्त्वों के साथ जोड़ा गया?**
(a) अनुच्छेद 39 (b) अनुच्छेद 39 A
(c) अनुच्छेद 44 (d) अनुच्छेद 45

**20. निम्नलिखित में से कौन-सा एक राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों का सही वर्णन नहीं करता?**
(a) निदेशक तत्त्व न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं
(b) निदेशक तत्त्व राजनैतिक संस्वीकृति रखते हैं
(c) निदेशक तत्त्व राज्य विधान के लिए उद्देश्यों की घोषणाएँ हैं
(d) निदेशक तत्त्व सभी भारतीयों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य देखरेख एवं समान आय का वचन देते हैं

EduBull.com

# Answer Key

1. (c) 2.(d) 3.(d) 4.(c) 5.(c) 6.(d) 7.(b) 8.(b) 9.(a) 10.(a)

11. (d) 12.(b) 13.(c) 14.(d) 15.(c) 16.(a) 17. (b) 18.(a) 19.(b) 20. (b)

EduBull.com